लोक सभा अध्यक्ष ने रक्षा बंधन की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 28 अगस्त, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने रक्षा बंधन की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने सन्देश में, श्रीमती महाजन ने कहा:

" रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर मैं सभी भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई देती हूँ।

रक्षा बंधन बहनों और भाइयों के अटूट बंधन का पर्व होने के साथ साथ हमारे राष्ट्रीय जीवन में एकता और भाईचारे के उत्कृष्ट और उदात्त मूल्यों का प्रतीक भी है। इस रक्षा बंधन के त्यौहार को धूमधाम से मनाने के साथ ही आइये हम अपने युवाओं के दिलों में अपनी शानदार सांस्कृतिक विरासत की रक्षा का भाव भी जागृत करें। इससे उन्हें हमारी गंगाजमुनी संस्कृति और साझे मूल्यों का सम्मान करने की प्रेरणा मिलेगी। मैं कामना करती हूँ कि रक्षा बंधन के पवित्र धागे सभी भारतवासियों में जिम्मेदारी, सद्भाव और समरसता की भावना को सुदृढ़ करें ।